AMAR UJALA, Delhi, 9.7.2024
Page No. 9, Size:(4.89)cms X (2.75)cms.

गेल ने अपना नेट जीरो लक्ष्य 2035 किया

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने स्कोप-1 और 2 उत्सर्जन के लिए अपने नेट जीरो लक्ष्य को पांच साल पहले हासिल करने (2040 से 2035 करने) के फैसले को मंजूरी दी है। यह निर्णय गेल द्वारा अपने स्थिरता लक्ष्यों को बढ़ाने और भारत की व्यापक नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करने के लिए किए गए एक व्यापक अध्ययन के बाद लिया गया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि गेल प्राकृतिक गैस के विपणन और संचरण के व्यवसाय में है, जो एक स्वच्छ ईंधन है और विभिन्न उद्योगों और उपभोक्ताओं के उत्सर्जन को कम करने में सहायता करता है। अपने उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को 2035 तक कर गेल भारत के ऊर्जा परिदृश्य में अग्रणी के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है।